PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Thu, 10 Aug 2017, Page 2
Width: 5.13 cms, Height: 9.31 cms, a4, Ref: 54.2017-08-10.32

स्वतंत्रता दिवस के कारण छात्र न हों परेशान

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने देशभर के अपने संबद्ध विद्यालयों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि स्वतंत्रता दिवस समारोहों के कारण छात्र बेवजह परेशान न हों। सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों से छात्रों में राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति की भावना का संचार करने के लिए आजादी की 70वीं वर्षगांठ को 'भारत छोड़ो आंदोलन' की 75वीं वर्षगांठ के साथ मनाने के लिए कहा गया है।